नवभारत
भोपाल, मंगलवार, 30 जून 2026

लापरवाही : ट्रांसफॉर्मर के खुले डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स, बन सकते हैं खतरा

नवभारत न्यूज

बैतूल, 29 जून. बिजली जैसे संवेदनशील मामलों में भी विभाग लापरवाह है। यह स्थिति तब है, जब बारिश का मौसम चल रहा है और ट्रांसफॉर्मर के नीचे लगे फ्यूज स्विच डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स को व्यवस्थित रूप से बंद तक नहीं किया गया है।

बिजली तारों में दौड़ते करंट को लेकर भी विभाग बेपरवाह

बारिश में करंट की चपेट में आने से हो सकता है हादसा

जिससे खतरा बढ़ गया है। खासकर मवेशियों के लिए खुले फ्यूज स्विच और डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स जानलेवा भी साबित हो सकते है। दरअसल शहर में 550 से अधिक ट्रांसफॉर्मर लगे हैं, जिसके नीचे फ्यूज स्विच के लिए डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स लगाए हैं, लेकिन इन्हें व्यवस्थित रूप से बंद तक नहीं किया गया है। कहीं बॉक्स खुले पड़े हैं तो कहीं टूटे हुए लटक रहे हैं। कुछ जगह पर तो बॉक्स जमीन से कुछ ऊपर कम ऊंचाई में लगा दिए हैं, जिससे बारिश के दौरान शॉर्ट-सर्किट होने से विद्युत पोल में करंट आने का खतरा बनता रहता है। लाइन सुधारने के दौरान भी बिजली कर्मचारी इन बॉक्स को वैसे ही छोडकर चले जाते है। कहीं-कहीं फ्यूज बाक्स की ऊंचाई 2 से 3 फीट तक ही है। इससे मवेशियों और यहां से निकलने वाले रहवासियों को करंट लगने का डर लगा रहता है। लोगों का कहना है कि बिजली के खुले तार बेहद खतरनाक है। बिजली कर्मचारियों द्वारा भी इन्हें व्यवस्थित नहीं किया जाता है। जबकि कई बार इन तारों

के संपर्क में आने से मवेशियों की मौत तक हो चुकी है।

बिजली फाल्ट को लेकर लोगों के दिलों में बढ़ रहा डर : कई बार बिजली तारों में स्पार्किंग के कारण आतिशबाजी की तरह चिंगारियां निकलती है। इससे लोगों के दिलों में बिजली का डर बना हुआ है। लोगों ने बताया कि तार बार-बार टूटने के कारण जर्जर हो चुके हैं। इन तारों में कई जोड़ लगाकर बिजली की सप्लाई की जा रही है। खुले तार जब हवा के कारण आपस में टकराते है, तो आतिशबाजी की तरह चिंगारियां निकलती है। इससे दुर्घटना का डर बना रहता है। कई स्थानों पर बिजली के तार मकानों से सटकर गुजरे है। वहीं ट्रांसफार्मरों की ऊंचाई भी कम है। लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग द्वारा कुल मिलाकर अनदेखी की जा रही है। इससे भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी बिजली के खराब उपकरणों को बदलने पर जोर नहीं दे रहे है।हालात यह है कि बिजली खंभो पर तारों का जाल, झूलते तार को कसा तक नहीं जाता। ऐसे में फाल्ट आने पर लोगों को घंटो तक अंधेरे में रहना पड़ता है। बिजली खंभों पर तारों के जाल के कारण कर्मचारियों को खुद समझ नहीं आता है कि कौन से तार किसका है। कर्मचारी अंदाजे से ही सुधार करते है। इसके बाद भी बिजली कंपनी के अधिकारियों द्वारा लाइनों को व्यवस्थित करने की कार्रवाई नहीं की जा रही। इससे बिजली के तार और ट्रांसफामर गंभीर हादसे का कारण बन सकते है। इसके बाद भी बिजली करंट को लेकर लापरवाही लोगों पर भारी पड़ सकती है।

झालरों की तरह लटक रहे हैं तार : शहर के कई मोहल्लों में खुले तार झालरों की तरह लटक रहे है। इससे कभी भी हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

> मेंटनेंस के दौरान खुले डीपी बाक्स और तारों को व्यवस्थित किया जाता है। जहां डीपी बाक्स ज्यादा खराब हो गये है, उन्हें बदला जायेगा। ट्रांसफार्मर के आसपास जाली लगाने के लिए भी किया जा रहा है।
> **- सिद्धार्थ यदु,** जेई, जोन-2, विद्युत वितरण विभाग बैतूल

शहरी उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली आपूर्ति कराने के लिए बिजली विभाग द्वारा तमाम प्रयास किए जा रहे हैं।

खराब बिजली उपकरण बदलने पर जोर नहीं

विद्युत कंपनी द्वारा फ्यूज स्विच, डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स सहित उपकरण बदलकर नया लगाने पर जोर नहीं दिया जाता है, बल्कि उन्हीं उपकरणों को जैसे-तैसे जुगाड़ लगाकर दोबारा फीट कर दिये जाते है। जानकार बताते है कि पॉवर सप्लाई ट्रांसफॉर्मर का डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स क्षमता के अनुसार लगाया जाता है। एक बॉक्स 15 से 20 हजार रुपए में आता है। सामान्य तौर पर पुराने बॉक्स को रिपेयरिंग करने की नौबत अधिक रहती है। कंपनी को कभी 2 तो कभी 4 बॉक्स की आपूर्ति होती है, जिसे अधिक जरूरत वाले स्थानों पर लगाते हैं। आपूर्ति होने पर बॉक्स लगाते हैं। शहर के अधिकांश वार्डो में यही हाल है। इसके तार जमीन में बिखरे हैं। ऐसे में करंट फैलने का डर भी बना रहता है। इसी प्रकार गोठाना में ट्रांसफार्मर के डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स भी खुले पड़े हैं जिन्हें बंद नहीं किया गया है।

बिजली मेंटेनेंस में भी केवल औपचारिकता

कंपनी द्वारा प्रतिवर्ष बिजली लाईनों का मेंटनेंस किया जाता है। लेकिन यह कार्य भी मात्र औपचारिकता तक सीमित है, जबकि स्थिति जस की तस नजर आती है। बिजली खंभो पर तारों का जाल, झूलते तार को कसा तक नहीं जाता। ऐसे में फाल्ट आने पर लोगों को घंटो तक अंधेरे में रहना पड़ता है। बिजली खंभों पर तारों के जाल के कारण कर्मचारियों को खुद समझ नहीं आता है कि कौन से तार किसका है। कर्मचारी अंदाजे से ही सुधार करते है। इसके बाद भी बिजली कंपनी के अधिकारियों द्वारा लाइनों को व्यवस्थित करने की कार्रवाई नहीं की जा रही। इससे बिजली के तार और ट्रांसफामर गंभीर हादसे का कारण बन सकते है।

एक नजर में

कलेक्टर ने जिले में रेत खनन पर लगाया प्रतिबंध

बैतूल। कलेक्टर डॉ.सौरभ संजय सोनवणे ने वर्षा ऋतु के चलते जिले में 30 जून 2026 की मध्य रात्रि से रेत खनन पर प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश के अनुसार बैतूल जिले में मानसून की सक्रियता को दृष्टिगत रखते हुए समस्त रेत खदानों, नदियों एवं नालों से रेत उत्खनन पर 30 जून की मध्यरात्रि से आगामी 1 अक्टूबर 2026 तक प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने सभी एसडीएम, तहसीलदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

1 लाख 45 हजार 222 को पिलाई पोलियो दवा

बैतूल। राष्ट्रीय पल्स-पोलियो अभियान के अंतर्गत 28 जून को प्रथम दिवस जिले में 1 लाख 45 हजार 222 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ जगदीश घोरे ने बताया कि आमला विकासखंड में 18632, आठनेर में 8422, सेहरा में 17316, शहरी बैतूल में 8160, भैंसदेही में 12849, भीमपुर में 16796, चिचोली में 9755, घो?ाडोंगरी में 19183, मुलताई में 12798, प्रभात पट्टन में 12035, शाहपुर में 9276 इस प्रकार जिले में कुल 1 लाख 64 हजार 874 लक्ष्य के विरूद्ध 1 लाख 45 हजार 222, 88.1 प्रतिशत बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ.घोरे ने बताया कि 29 जून एवं 30 जून को टीम द्वारा घर-घर भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी।

दिनभर रही तपिश, दोपहर बाद बरसा पानी

बैतूल। शहर में दिनभर उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे। देर शाम बादल छाए और कुछ ही देर में बूंदाबांदी शुरू हो गई। प्रारंभ में शहर के कुछ ही स्थान पर बारिश की बूंदे पड़ी, लेकिन धीरे-धीरे मौसम ने पूरे शहर को अपने आगोश में ले लिया। बारिश का यह सिलसिला रात तक जारी रहा। इधर पाथाखेड़ा, सारणी सहित जिले के अन्य हिस्से में भी बारिश होने के समाचार मिले है।

बैतूल पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने खेत में चलाया हल

बैतूल। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) अध्यक्ष जीतू पटवारी सोमवार को बैतूल दौरे पर एक अलग अंदाज में दिखे। उन्होंने उड़दन स्थित संत रामपाल के सतलोक आश्रम में आयोजित तीन दिवसीय महा समागम में सेवा की। इसके बाद भोपाल लौटते समय उन्होंने एक खेत में उतरकर किसान के साथ हल भी चलाया। आश्रम के सेवादार विष्णु साहू के अनुसार, पटवारी ने श्रद्धालुओं के जूठे बर्तन धोए, लंगर के लिए पुड़ी तली और प्रसाद वितरण भी किया। उन्होंने समागम स्थल का भ्रमण किया और करीब एक घंटे तक आश्रम में रुके। आश्रम से

निकलने के बाद पटवारी बैतूल पहुंचे और जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा से मुलाकात की। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष हर्षवर्धन धोटे ने बताया कि इस दौरान उन्होंने जिला कांग्रेस भवन के लिए खाली कराई गई भूमि का निरीक्षण किया और निर्माण संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। भोपाल लौटते समय जीतू पटवारी की नजर खेत में जुताई कर रहे किसान सकल धुर्वे पर पड़ी। वे तुरंत खेत में उतर गए और किसान से खेती-किसानी की समस्याओं पर चर्चा की। पटवारी ने कुछ देर किसान के साथ हल चलाकर जुताई में भी सहयोग किया और किसान परिवार के साथ तस्वीरें खिंचवाईं।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा ने स्पष्ट किया कि जीतू पटवारी का यह दौरा पूरी तरह निजी था। इसी कारण कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इसकी पूर्व सूचना नहीं दी गई थी। पटवारी ने मीडिया को भी दौरे की जानकारी सार्वजनिक न करने के निर्देश दिए थे। इन कार्यक्रमों के बाद वे भोपाल के लिए रवाना हो गए।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

मुलताई। नगर के मासोद रोड पर पेट्रोल पंप के पास सोमवार सुबह करीब 8.30 बजे सड़क हादसे में किसी अज्ञात हादसें की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई, जिसके बाद चालक वाहन के साथ मौके से फरार हो गया। सुचना मिलने में मौके पर पुलिस पहुची और मृतक की तलाशी ली, तलाशी के दौरान जेब में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान धनराज पिता श्रवण जगदेव (42), निवासी ग्राम दतोरा के रूप मे हुई। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी

अस्पताल मुल्ताई भेजा। परिजन अस्पताल पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियो के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार को संभलने का अवसर नही मिला और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड मौके पर जमा हो गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए हैं। दुर्घटना करने वाले अज्ञात वाहन और उसके चालक का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

पेट दर्द से परेशान महिला ने खाया जहर, मौत

बैतूल। हमलापुर निवासी राजमिस्त्री की पत्नी ने अपने ससुराल में जहर खाकर आत्महत्या कर ली। महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल बैतूल में भर्ती कराया गया था, जहां सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महिला लंबे समय से पेट दर्द की बीमारी से पीड़ित थी, हालांकि पुलिस पारिवारिक विवाद की आशंका पर भी जांच कर रही है। अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार, मृतका ममता यादव (30) अपने पति संतलाल यादव और बच्चों के साथ शीप्लई गांव स्थित ससुराल गई हुई थी। यहीं पर उसने कथित रूप से सलफास का सेवन कर लिया। घटना के बाद परिजन ममता को गंभीर हालत में चिचोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक इलाज के बाद उसकी हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल बैतूल रेफर किया गया, जहां आईसीयू में भर्ती कर उसका इलाज चल रहा था। सुबह उपचार के दौरान ममता यादव ने दम तोड़ दिया। अस्पताल पुलिस चौकी ने प्रारंभिक जांच में सलफास सेवन की पुष्टि की है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

रेत के अवैध भंडारण पर कार्रवाई, प्रकरण दर्ज

मुलताई। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत 29 जून को जिले की मुलताई तहसील के ग्राम चंदोरा खुर्द स्थित भूमि पर खनिज रेत के अवैध भंडारण की सूचना मिलने पर राजस्व एवं खनिज अमले द्वारा संयुक्त रूप से छापामार कार्यवाही करते हुए उक्त क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। तहसीलदार मुलताई, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी एवं खनि निरीक्षक बैतूल द्वारा ग्राम चंदोरा खुर्द स्थित भूमि खसरा क्रमांक 83/1/1/1, रकबा 0.401 हेक्टेयर महाजन लांन के अंश भाग पर एक

ढेर के रूप में खनिज रेत का अवैध भण्डारण पाया गया, जिसकी माप करने पर मौके पर खनिज रेत की मात्रा 76.5 घन मीटर पाई गई। संयुक्त अमले द्वारा जांच एवं कार्यवाही के दौरान उक्त भूमि राजस्व रिकार्ड में निर्भयसिहं, अजयसिहं पिता देवेन्द्र सिंह महाजन के नाम से दर्ज होना पाई गई। उक्त भूमि पर भूमि स्वामी द्वारा बिना अनुमति के खनिज रेत का अवैध रूप से भण्डारण किया जाना पाया गया। उक्त अवैध रूप से भण्डारित खनिज रेत मात्रा को जब्त कर खनिज नियमों के तहत कार्यवाही गई है।

शांभवी ने ब्लैक बेल्ट हासिल कर बढ़ाया जिले का गौरव

बैतूल। इंटरनेशनल स्कूल, भोपाल में 27 एवं 28 जून को आयोजित कराटे एवं कोबूडो (ननचाकू और स्टिक) प्रशिक्षण शिविर तथा प्रथम डैन (शोडान) ब्लैक बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन और परीक्षा वरिष्ठ कराटे प्रशिक्षक एवं परीक्षक वी.पी.एस. राणा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इसमें विभिन्न प्रतिभागियों ने अपने कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतिष्ठित ब्लैक बेल्ट परीक्षा में समाजसेवी नवल सिंह ठाकुर की नातिन शांभवी सिंह ठाकुर ने सफलतापूर्वक प्रथम डैन (शोडान) ब्लैक बेल्ट प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। शांभवी की इस सफलता से परिवार के साथ-साथ क्षेत्र में भी खुशी का माहौल है। उनकी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास का यह परिणाम माना जा रहा है। शांभवी की उपलब्धि पर परिवार के सदस्यों, गुरुजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कराटे प्रशिक्षकों के मुताबिक ब्लैक बेल्ट वर्षों के कठिन अभ्यास, अनुशासन, धैर्य, आत्मविश्वास और समर्पण का प्रतीक होती है। इसे प्राप्त करने के लिए शारीरिक क्षमता के साथ मानसिक दृढ़ता भी आवश्यक होती है।

हार्ट, लीवर और किडनी की जांच कराने उमड़ी भीड़

बैतूल। बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक सुलभ बनाने के उद्देश्य से शहर में आयोजित विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों का उत्साह देखने को मिला। महज 150 रुपये के नाममात्र शुल्क पर लीवर, हार्ट और किडनी जैसी महत्वपूर्ण जांचें उपलब्ध कराई गईं, जिससे बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया। शिविर में विशेषज्ञ स्वास्थ्य टीम ने आधुनिक उपकरणों की सहायता से लोगों की जांच की और उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया। विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद वर्ग के

लोगों ने इस पहल का भरपूर लाभ उठाया। डॉ. लाल पेथ का बैतूल में काम देख रही कीर्ति चंदेल ने बताया कि इस शिविर में की गई जांचें आम तौर पर बहुत महंगी होती है लेकिन जनसेवा और स्वास्थ्य जागरूकता को बढावा देने के उद्देश्य से इन्हें मात्र 150 रुपये में उपलब्ध कराया गया। उनका कहना था कि समय पर स्वास्थ्य जांच से गंभीर बीमारियों का शुरुआती स्तर पर पता लगाया जा सकता है, जिससे समय रहते उपचार संभव हो जाता है।

मृत गाय को कचरा वाहन से घसीटकर ले जाने का वीडियो वायरल

बैतूल। भैंसदेही विधानसभा क्षेत्र की झल्लार ग्राम पंचायत में मृत गाय को ग्राम पंचायत के कचरा वाहन के पीछे रस्सी से बांधकर सड़क पर घसीटते हुए ले जाने का वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है। घटना के वीडियो और फोटो वायरल होने के बाद ग्रामीणों, गौ सेवकों एवं राष्ट्रीय हिन्दू सेना के कार्यकर्ताओं ने कड़ी नाराजगी जताते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस घटना का वीडियो और फोटो गौ सेवक एवं जागरूक युवक शिवा आर्य ने सामने लाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही ग्रामीणों और गौ सेवकों ने मृत गाय

को इस तरह घसीटते हुए देखा, उन्होंने तत्काल वाहन रुकवाया और संबंधित कर्मचारियों का विरोध किया। घटना के बाद पंचायत की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में नाराजगी व्याप्त है। राष्ट्रीय हिन्दू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने कहा कि मृत गौवंश का भी सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार मृत गाय को सड़क पर घसीटकर ले जाना मानवीय संवेदनाओं और धार्मिक आस्था, दोनों के विरुद्ध है। उन्होंने जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जनपद पंचायत) एवं संबंधित अधिकारियों से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने मांग की है कि सभी ग्राम पंचायतों में मृत गौवंश के सम्मानजनक अंतिम संस्कार से संबंधित नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

बैठक टीएल बैठक में कलेक्टर ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

आमजन से जुड़े मामलों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित समयसीमा की बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने कहा कि आमजन से जुड़े मामलों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने जिले में किसानों के लिए उपलब्ध खाद की स्थिति एवं उसके वितरण की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीफ सीजन को देखते हुए जिले में खाद की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखी जाए तथा किसानों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समय पर खाद उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि खाद वितरण में पूरी पारदर्शिता बरती जाए और ई टोकन व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को आगामी कार्यों के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपनी प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्यों की योजना बनाकर निर्धारित समय-सीमा में उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में लंबित भू-अर्जन, अनुकंपा नियुक्ति एवं पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए अलग से समीक्षा बैठक आयोजित की जाए। बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने प्रधानमंत्री मानधन श्रम योगी योजना के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को योजना का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

एआई टूल्स एवं क्लिक अप प्लेटफार्म का दिया प्रशिक्षण

समय सीमा बैठक के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स तथा क्लिक अप प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में आधुनिक डिजिटल तकनीकों के माध्यम से शासकीय कार्यों को अधिक सरल, त्वरित एवं व्यवस्थित ढंग से संपादित करने की जानकारी दी गई। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एआई टूल्स का उपयोग कर दस्तावेज तैयार करने, सूचनाओं के संकलन, कार्यों के विश्लेषण तथा कार्यालयीन कार्यकुशलता बढ़ाने के बारे में बताया गया। क्लिकअप प्लेटफॉर्म के माध्यम से टास्क मैनेजमेंट, कार्यों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग एवं प्रगति की नियमित समीक्षा की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया।

मन की बात कार्यक्रम में मुलताई जिले में प्रथम

मुलताई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम 135 वें एपिसोड में सफल आयोजन में मुलताई विधानसभा बैतूल जिले में प्रथम स्थान पर रहने के साथ ही विधानसभा के पांचो मंडल प्रदेश स्तर पर क्रमश: 11, 12, 13, 14,15 वा स्थान प्राप्त कर पूरे प्रदेश में बैतूल जिले का गौरव बढ़ाया। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने जानकारी देते बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम 135 वे एपिसोड के सफल आयोजन में बैतूल जिले में मुलताई विधानसभा प्रथम स्थान पर रही। साथ ही प्रदेश स्तर पर मुलताई विधानसभा पांचो मंडल जिसमें साईखेड़ा मंडल का 11वा, मुलताई मंडल का 12 वा, दुनावा मंडल का 13 वा, मासोद मंडल

का 14 वा, प्रभात पट्टन मंडल का 15 वा स्थान रहा। पूरे प्रदेश में मुलताई विधानसभा के 5 मंडलो का 11,12,13,14,15 वे स्थान पर आना एक उपलब्धि नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं का संगठन के प्रति समर्पण अनुशासन एवं सेवा भाव के साथ कार्यकर्ताओं के अथक लगन मेहनत का प्रमाण है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, क्षेत्र के लाडले विधायक चंद्रशेखर देशमुख, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक तुलसीराम बारस्कर, नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, साइ खेड़ा मंडल अध्यक्ष राजेश हिगवे, दुनावा मंडल अध्यक्ष अमित पवार, मंडलो पदाधिकारी, संयोजक एवं सहसंयोजक एवं सामूहिक नेतृत्व का परिणाम है।